अमरोहा पुलिस

प्रेस नोट-दिनांक 30.12.2024

Recovering Happiness

पुलिस अधीक्षक अमरोहा द्वारा सर्विलांस/एसओजी टीम अमरोहा की सहायता से प्राप्त गुम/खोये हुये कुल 161 स्मार्टफोन (अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपयें) उनके स्वामियों के सुपुर्द किये गये।

पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री कुँवर अनुपम सिंह के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री राजीव कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी क्राईम श्री पंकज कुमार त्यागी जनपद अमरोहा के निकट पर्यवेक्षण में सर्विलांस/एसओजी टीम अमरोहा द्वारा विभिन्न स्थानों से **कुल 161 गुम/खोये हुये स्मार्टफोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपयें** बरामद कर उनके स्वामियों को वितरित किये गये। अपना खोया/गुम हुये मोबाइल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे व अमरोहा पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

वर्तमान में जनपद में विभिन्न स्थानों पर मोबाइल फोन गिर जाने/खो जाने संबंधी मामलों में बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री कुंवर अनुपम सिंह द्वारा सर्विलांस टीम अमरोहा को अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। आदेश के अनुपालन में सर्विलांस टीम/एसओजी टीम द्वारा अथक प्रयास कर विभिन्न स्थानों से खोये/गुम हुये 161 स्मार्टफोन बरामद किये गये, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग **35 लाख रुपयें** है। आज दिनांक 30.12.2024 को पुलिस लाईन जनपद अमरोहा में **पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री कुँवर अनुपम सिंह द्वारा बरामद हुये 161 स्मार्टफोन को सम्बन्धित मोबाईल धारकों को सौंपा गया**। पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री कुंवर अनुपम सिंह द्वारा मोबाइल बरामद करने वाली पुलिस टीम को 25,000/- रूपये नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया गया।

बरामद करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 बिजेन्द्र मलिक प्रभारी सर्विलांस सेल अमरोहा
2. उ0नि0 विकास सहरावत प्रभारी SOG अमरोहा
3. हे0का0 गौरव शर्मा सर्विलांस सेल अमरोहा
4. हे0का0 वाजिद अली सर्विलांस सेल अमरोहा
5. हे0का0 प्रवेश कुमार बर्मन सर्विलांस सेल अमरोहा
6. का0 अंकुर एसओजी टीम अमरोहा
7. का0 अरविन्द शर्मा सर्विलांस सेल अमरोहा
8. का0 कृष्णवीर सिंह एसओजी टीम अमरोहा
9. का0 लवी चौधरी सर्विलांस सेल अमरोहा
10. का0 राकेश एसओजी टीम अमरोहा
11. का0 कमल सर्विलांस सेल अमरोहा
12. का0 आशीष कुमार एसओजी टीम अमरोहा
13. का0 विपिन सर्विलांस सेल टीम अमरोहा

PRO CELL AMROHA